# अर्द्धवार्षिक परीक्षा

समयः2½ घण्टे | विषय-हिन्दी | पूर्णांकः80

कक्षा-7

सामान्य निर्देशः

1. *सभी प्रश्न अनिवार्य है।*
2. *लेख सुन्दर व स्पष्ट होना चाहिए।*
3. *प्रश्न हल करने के पश्चात दो पंक्तियाँ अवश्य छोड़ें।*
4. *सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।*
5. *प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखने का प्रयत्न करें।*

प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

यों तो एनीमिया बहुत से कारणों से हो सकता है, किंतु हमारे देश में इसका सबसे बड़ा कारण पौष्टिक आहार की कमी है। इसके अलावा इस रोग का एक और बड़ा कारणरा है, पेट में कीड़ों का हो जाना। ये कीड़े प्रायः दूषित जल और खाद्य पदार्थों द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं। अतः इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम पूरी सफाई से बनाए गए खाद्य पदार्थ ही ग्रहण करें। भोजन करने से पूर्व अच्छी तरह से हाथ धो लें और साफ पानी ही पिएँ।

1. एनीनिया का सबसे बड़ा कारण क्या है? 2
2. पेट में कीड़े कैसे हो जाते हैं? 1
3. इनसे बचने के लिए क्या करना चाहिए? 1
4. ग्रह पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं। 1

प्र.2. निम्नलिखित दोहे की पंक्तियाँ नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दें।

थोथे बादर क्वार के, ज्यों रहीम घहरात।
धनी पुरूष निर्धन भए, करें पाछिली बात।।

क) क्वार के बादल कैसे हैं? 2

ख) धनी पुरूष निर्धन होने पर कौन सी बात करते हैं? 2

ग) पाठ का नाम लिखें। 2

प्र.3. दिए गए शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए। 3

(आम, गाय, असुर)

प्र.4. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए। 4

क) खाक छानना

ख) खरी-खोटी सुनना

ग) खून खौला

घ) खटाई में पड़ना

https://www.ukboardonline.com

प्र.5. निम्नलिखित शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए। 4

क) जो दूर की बात सोचना है। ख) जिसकी पत्नी मर गई हो।

ग) जो बहुत बोलता है। घ) जो कम बोलता है।

प्र.6. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए। 4

(सदैव, तपोबल, निष्फल, अभिषेक) -

प्र.7. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच के उत्तर लिखिए। 25

क) हिमालय की यात्रा में लेखक ने किन-किन की प्रशंसा की है?

ख) खून को "भानुमती का पिटारा" क्यों कहा जाता है?

ग) खिलौने वाले के आने पर बच्चों की क्या प्रतिक्रिया होती थी?

घ) अपनी माँ से झूठ बोलते समय तोत्तो-चान की नजरें नीचे क्यों थीं?

ङ) पक्षी स्वतंत्र रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते थे?

च) सच्चे मित्र की क्या पहचान होती है?

छ) पक्षी को पिंजरे में कौन-कौन सी असुविधाएँ प्राप्त थी?

प्र.8. अपनी पाठ्य पुस्तक बसंत भाग-2 से कोई भी एक आठ लाइन की कविता लिखिए। https://www.ukboardonline.com 8

प्र.9. लम्बी बिमारी के कारण आप अपनी हिन्दी की परीक्षा नहीं दे पाए हैं पुनः परीक्षा में बैठने की अनुमति के लिए प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना पत्र लिखें। 5

प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखे। 6

क) कर्ण कौन था और उसने दुर्योधन से क्या कहा?

ख) अधिरथ कौन था?

ग) राजा शूरसेन कौन था?

प्र.11. निम्नलिखित विषयों में से किसी विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखें। 10

क) दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रदूषण।

ख) किसी मनपसंद धार्मिक त्यौहार का वर्णन।

https://www.ukboardonline.com